# पीस बॉन्ड प्राप्त करना: एक गाइड



यह संसाधन बीसी के हर उस व्यक्ति के लिए है जो अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित है और किसी व्यक्ति या लोगों से सुरक्षा हासिल करने के लिए अदालत से आदेश मांगता है।

Rise
WOMEN'S LEGAL CENTRE

JANUARY 2023 EDITION [HINDI]

**सुरक्षा चेतावनी:** आपको यह जानकारी होनी चाहिए कि पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करने के दौरान आपकी सुरक्षा के लिए कोई कानूनी आदेश मौजूद नहीं होगा। इस प्रक्रिया में लंबा समय लग सकता है। अगर आपको लगता है कि जिस व्यक्ति के खिलाफ आपने पीस बॉन्ड लागू करने की मांग की है, वे आपके आवेदन की जानकारी होने के बाद और न्यायाधीश द्वारा आपके आवेदन की सुनवाई से पहले आपको नुकसान पहुंचा सकते हैं या आपको धमकी दे सकते हैं, तो आपको अपनी सुरक्षा के लिए योजना बनानी चाहिए। अपने क्षेत्र में सेवाओं के बारे में जानने के लिए विक्टिमलिंक बीसी को 1-800-563-0808 पर कॉल करें। यह टोल-फ्री, गोपनीय, बहुभाषी सेवा दिन के 24 घंटे, सप्ताह के 7 दिन उपलब्ध है।

अगर कभी कोई आपात स्थिति हो, तो आपको 911 पर कॉल करना चाहिए।

नोट: यह संसाधन केवल *क्रिमिनल कोड* की धारा 810 के तहत आदेशित पीस बॉन्ड से संबंधित है। यह कॉमन लॉ पीस बॉन्ड या फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर से संबंधित नहीं है।

इस दस्तावेज़ में कानूनी सलाह नहीं है। अगर आपको या आपकी चिंता करने वाले किसी व्यक्ति को कानूनी सलाह की आवश्यकता है, तो कृपया किसी वकील से सलाह लें।




## विषय सूची


मैं पीस बॉन्ड की मांग कब कर सकता हूं? ........ 3

पीस बॉन्ड का क्या काम है? ........ 4

पीस बॉन्ड कब तक लागू रहता है? ........ 5

पीस बॉन्ड प्राप्त करने के लिए मुझे क्या साबित करना होगा? ........ 5

पुलिस की मदद से पीस बॉन्ड प्राप्त करना ........ 6

मैं पीस बॉन्ड कैसे प्राप्त कर सकता हूं? ........ 6

पुलिस की सहायता के बिना पीस बॉन्ड प्राप्त करना ........ 8

पीस बॉन्ड के बारे में कुछ सामान्य मिथक क्या हैं? ........ 9

पीस बॉन्ड और परिवार कानून संरक्षण की तुलना ........ 10

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न ........ 11



युना ली और हेली ह्वाईमैक
द्वारा लिखित

अन्ना सेमेनचेंको द्वारा चित्रण
नाडीन रेनबाई द्वारा ग्राफिक डिजाइन



इस परियोजना का वित्त पोषण
डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस
कैनेडा द्वारा किया गया है

Ministère de la Justice Canada | Department of Justice Canada

Rise
WOMEN'S LEGAL CENTRE

यह संसाधन बीसी में किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए है जिसे अपनी सुरक्षा के लिए डर है और वह किसी व्यक्ति या लोगों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए अदालत से आदेश मांग रहा है। पीस बॉन्ड उस समय आपके लिए सबसे अच्छा विकल्प हो सकता है जब आप जिस व्यक्ति से सुरक्षा की मांग करते हैं, वह *फैमिली लॉ एक्ट* में "परिवार के सदस्य" की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता। जिस व्यक्ति से आप सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, यदि वह कोई ऐसा व्यक्ति है जो आपको लगता है कि वह "परिवार के सदस्य" की परिभाषा के अंतर्गत आता है, तो आप इसके बजाय फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं।

## मैं पीस बॉन्ड की मांग कब कर सकता हूं?

आप इन दो परिस्थितियों में से किसी एक में पीस बॉन्ड की मांग कर सकते हैं:

- **सुरक्षा का डर:** आपको डर है कि कोई आपको, आपके बच्चे, आपके जीवन साथी या कॉमन-लॉ पार्टनर, या आपकी संपत्ति (पालतू जानवरों सहित) को "व्यक्तिगत चोट" पहुंचा सकता है।
- **ऑनलाइन बदला लेने का डर:** आपको डर है कि कोई आपकी यौन अंतरंग तस्वीरें (फ़ोटो या वीडियो सहित) साझा या प्रकाशित कर देगा।

पीस बॉन्ड वर्तमान या पिछले साथी सहित *किसी* से भी सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, भले ही अब उस व्यक्ति के साथ आपका कैसा भी रिश्ता हो।

कोई भी व्यक्ति उस समय पीस बॉन्ड की मांग कर सकता है यदि उसे डर है कि कोई उसे, उसके बच्चे, उसके जीवन साथी या कॉमन-लॉ पार्टनर, या उसकी संपत्ति (पालतू जानवरों सहित) को “व्यक्तिगत नुकसान” पहुंचा सकता है।



## पीस बॉन्ड का क्या काम है?

*क्रिमिनल कोड* के सेक्शन 810 के तहत, पीस बॉन्ड एक ऐसा अदालती आदेश है जिसके लिए उस व्यक्ति की आवश्यकता होती है जिसको लेकर आपको यह डर है कि वह "शांति बनाए" रखेगा/रखेगी और पीस बॉन्ड में उस पर लागू की गई अन्य शर्तों का पालन करेगा/करेगी। पीस बॉन्ड एक प्रकार की "मान्यता" है, जिसका अर्थ है कि व्यक्ति को उस व्यक्ति के अच्छे व्यवहार को बनाये रखने के लिए नकद राशि का वायदा भी करना होगा। यदि वे पीस बॉन्ड में लागू की गई शर्तों का उल्लंघन करते हैं या उन्हें तोड़ते हैं, तो उन्हें वह पैसा देना पड़ सकता है जिसका उन्होंने अदालत के सामने वायदा किया था।

अदालत व्यक्ति को यह भी आदेश दे सकती है कि वह:

- आपसे, आपके जीवन साथी या आपके बच्चे से संपर्क नहीं करेगा/करेगी;
- आपके घर या दफ्तर के स्थान पर न आए;
- आपको फोन पर कॉल नहीं करे;
- आपको टेक्स्ट मैसेज या पत्र नहीं भेजे;
- नशीले पदार्थों या शराब का सेवन नहीं करे;
- उसके पास हथियार नहीं हों; या
- किसी भी ऐसी अन्य शर्त का पालन करे जो अदालत आपको नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक समझती है।

इस बारे में विचार करें कि कौन से नियम या शर्तें आपको सुरक्षित महसूस करने में मदद करेंगी। इन शर्तों के बारे में उन लोगों को जानकारी दें जो पीस बॉन्ड का आवेदन करने में आपकी मदद कर रहे हैं, जैसे सपोर्ट वर्कर, विक्टिम सर्विस वर्कर, पुलिस अधिकारी, या सरकारी वकील। शर्तों को स्पष्ट रूप से शब्दों में लिखा जाना चाहिए ताकि यह जानना आसान हो कि व्यक्ति उनका पालन कर रहा है या नहीं।

पीस बॉन्ड एक ऐसा अदालती आदेश है जिसके लिए एक ऐसे व्यक्ति की आवश्यकता होती है जिसको लेकर आपको यह डर है कि वह "शांति बनाए" रखेगा और पीस बॉन्ड में उन पर लागू की गई अन्य शर्तों का पालन करेगा।



पीस बॉन्ड किसी आपराधिक जुर्म (या किसी अपराध) से अलग होता है। आपराधिक आरोपों के विपरीत, पीस बॉन्ड बचावकारी होते हैं। उनका आदेश तब दिया जाता है जब ऐसा लगता है कि कोई व्यक्ति किसी अपराध को *कर* सकता है, हालांकि यह मानने का कोई उचित आधार नहीं होता कि कोई अपराध पहले ही किया जा चुका है। चूंकि कोई अपराध नहीं किया गया है, पीस बॉन्ड का अंत आपराधिक सजा नहीं होता है और इन्हें लागू करने का आशय सजा देना नहीं होता। पीस बॉन्ड के लिए सहमत होने वाले व्यक्ति का आपराधिक रिकॉर्ड नहीं बनाया जाता।

हालाँकि, यदि कोई व्यक्ति अपने पीस बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन करता है (या तोड़ता है), तो उस पर अदालती आदेश का उल्लंघन करने का आपराधिक आरोप लगाया जा सकता है। यदि वे इस अपराध के दोषी पाए जाते हैं, तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है या प्रोबेशन पर रखा जा सकता है। कुछ मामलों में उन्हें जेल की सजा भी सुनाई जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति पीस बॉन्ड का उल्लंघन करता है, तो आप पुलिस से संपर्क कर सकते हैं। कैनेडा में कहीं भी पीस बॉन्ड लागू किया जा सकता है। यदि आप किसी दूसरे प्रांत में चले जाते हैं, तो आप पीस बॉन्ड को अपनी स्थानीय पुलिस एजेंसी में ले जा सकते हैं और उन्हें इसकी एक कॉपी दे सकते हैं।



पीस बॉन्ड का आदेश अधिकतम 12 महीनों के लिए दिया जा सकता है, और फिर आपको नए पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करना होगा।

## पीस बॉन्ड कब तक लागू रहता है?

*क्रिमिनल कोड* के सेक्शन 810 के तहत जारी पीस बॉन्ड का आदेश अधिकतम 12 महीनों के लिए दिया जा सकता है। सेक्शन 810 पीस बॉन्ड का नवीकरण नहीं कराया जा सकता, लेकिन आप एक नये पीस बॉन्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## पीस बॉन्ड प्राप्त करने के लिए मुझे क्या साबित करना होगा?

पीस बॉन्ड प्राप्त करने के लिए, अदालत को इस बात के प्रति संतुष्ट होना चाहिए कि संभावनाओं के आधार पर आपका यह डर सही है कि आपको, आपके जीवन साथी, आपके बच्चों या आपकी संपत्ति को नुकसान हो सकता है। केवल यह कहना पर्याप्त होगा कि आप निजी तौर पर डरे हुए हैं; अदालत को यह पता लगना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति उस स्थिति में डर जाएगा।

संभावनाओं के आधार पर नुकसान के डर को साबित करने का मतलब है कि अदालत को यह पता लगना चाहिए कि जिस डर से नुकसान की आप बात कर रहे हैं, उसके होने की संभावना "कहीं अधिक" है। आपराधिक जुर्म के मामलों के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रमाण की तुलना में यह निम्न स्तर का प्रमाण है। आपराधिक मुकदमे में, दोष सिद्धि "उचित संदेह से परे" सबूत पर आधारित होती है।



# मैं पीस बॉन्ड कैसे प्राप्त कर सकता हूं?

**बीसी में, हम अनुशंसा करते हैं कि आप पहले पुलिस की सहायता से पीस बॉन्ड प्राप्त करने का प्रयास करें।**

## पुलिस की मदद से पीस बॉन्ड प्राप्त करना

पुलिस से संपर्क करें और उन्हें बताएं कि आप उस व्यक्ति के खिलाफ पीस बॉन्ड चाहते हैं जो आपको डरा रहा है। अपने डर की व्याख्या करें और जिन सबूतों को आपने इकट्ठा किया है, उन्हें उपलब्ध कराएं। इस साक्ष्य में टेक्स्ट मैसेज, ईमेल, वॉयसमेल, फोटोग्राफ आदि शामिल हो सकते हैं। जब आप पुलिस के पास जाते हैं तो आप अपने साथ किसी दोस्त या वकील को सहायता के लिए अपने साथ ला सकते हैं।

अपना बयान दें। पुलिस आपसे पूछताछ करेगी और आपके डर के कारणों के बारे में विस्तृत नोट या एक बयान लेगी, कि आपको डर क्यों है। यदि पुलिस आपके मामले में आगे बढ़ने को तैयार है, तो दूसरे व्यक्ति को अंततः पुलिस नोट और आपके बयान की एक प्रति प्राप्त होगी। आगे पुलिस स्थिति की जांच कर सकती है। इसमें किसी भी गवाह से संपर्क करना, आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करना या उस व्यक्ति का साक्षात्कार करना शामिल हो सकता है जिससे आप डरते हैं।

यदि पुलिस को लगता है कि आपका डर वाजिब है, तो वे मामलों से जुड़े मुकदमे के लिए प्रांतीय सरकार द्वारा नियुक्त वकील, सरकारी वकील के लिए एक रिपोर्ट तैयार करेंगे। पुलिस रिपोर्ट में उनकी जांच के दौरान एकत्र की गई सभी जानकारी शामिल होगी और सुझाई गई शर्तों की सूची के साथ एक पीस बॉन्ड आवेदन की सिफारिश की जाएगी। यदि पुलिस यह तय करती है कि जांच के दौरान पूर्व में किए गए अपराधों के बारे में जानकारी प्रकाश में आई है, तो वे क्राउन को सिफारिश कर सकते हैं कि आपराधिक आरोप लगाए जाएं। पीस बॉन्ड के लिए आपके अनुरोध पर क्या कार्रवाई की जाएगी, इस बात का फैसला करने में सरकारी वकील महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और आपके आवेदन को आगे बढ़ने से रोकने में हस्तक्षेप कर सकता है। कैनेडा के कुछ न्यायालयों में लोग क्राउन को शामिल किए बिना पीस बॉन्ड की मांग जारी रख सकते हैं, लेकिन बीसी में यह नियमित प्रक्रिया नहीं है।



यदि पुलिस को लगता है कि आपका डर वाजिब है, तो वह मामले का मुकदमा लड़ने के लिए प्रांतीय सरकार द्वारा नियुक्त सरकारी वकील के लिए एक रिपोर्ट तैयार करेगी।

यदि क्राउन इस बात से सहमत है कि पीस बॉन्ड आवश्यक है, तो प्रोसेस हीयरिंग की जाएगी। प्रोसेस हीयरिंग दूसरे व्यक्ति के उपस्थित हुए बिना होती है। इस समय क्राउन अदालत को सबूतों के बारे में विस्तार से जानकारी देगा। यदि न्यायाधीश संतुष्ट है कि प्रदान की गई जानकारी पीस बॉन्ड की परीक्षा को पूरा करती है, तो न्यायाधीश दूसरे व्यक्ति को सूचित करने और अदालत की दूसरी तारीख निर्धारित करने के लिए सहमत होंगे। अदालत दो तरीकों से दूसरे व्यक्ति को सूचित कर सकती है: समन

या गिरफ्तारी वारंट। दोनों ही परिस्थितियों में व्यक्ति को अदालत में पेश होना पड़ेगा। अगर कोर्ट सबूतों से संतुष्ट नहीं हो, तो मामला आगे नहीं बढ़ेगा।

प्रोसेस हीयरिंग में, न्यायाधीश द्वारा पीस बॉन्ड के आवेदन की सुनवाई के लिए अदालत में बाद के किसी दिन तारीख तय कर दी जाती है। यह तारीख आने वाले कुछ दिनों से लेकर एक महीने तक कहीं भी हो सकती है। हालाँकि, पीस बॉन्ड के आवेदन के लिए एक तारीख तय कर दी गई है, इसका यह अर्थ नहीं है कि उस तारीख पर  इस मामले से जुड़ी चीजों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। हो सकता है कि जिस दिन आपके मामले पर सुनवाई होनी है, उस दिन कुछ भी ना किया जा सके। उदाहरण के लिए हो सकता है कि जिस व्यक्ति से आपको डर है, वह वकील से सलाह लेने के लिए और समय मांग सकता है। अगर ऐसा होता है, तो अदालत उसके आग्रह को स्वीकार कर सकती है और भविष्य की किसी तारीख के लिए इस मामले की सुनवाई कर सकती है। आपको क्राउन से यह पूछना चाहिए कि अदालत की अगली कार्रवाई के लिए आप किस तरह की तैयारी करके आ सकते हैं।

जब न्यायाधीश पीस बॉन्ड आवेदन की सुनवाई करता है तो दो संभावित परिणाम होते हैं:

- व्यक्ति पीस बॉन्ड को स्वीकार करने और प्रस्तुत शर्तों के लिए सहमत हो सकता है। अगर ऐसा होता है, तो जज के सामने कोई सबूत पेश नहीं किया जाएगा।
- हो सकता है कि व्यक्ति पीस बॉन्ड के लिए सहमत न हो, ऐसे मामले में क्राउन काउंसल न्यायाधीश को सबूत पेश करने के साथ आगे बढ़ने का फैसला कर सकता है। इस मामले में, क्राउन काउंसल आम तौर पर आपको शपथ के तहत न्यायाधीश को यह बताने के लिए कहेंगे कि क्या हुआ (गवाही दें) और आपके पास कोई दस्तावेज या अन्य सबूत उपलब्ध कराएं। न्यायाधीश तय करेंगे कि संभावनाओं के आधार पर, आपके पास दूसरे व्यक्ति से डरने के लिए उचित आधार हैं या नहीं। अगर न्यायाधीश को लगता है कि आपकी आशंका वाजिब है, तो वे पीस बॉन्ड का आदेश देंगे। यदि जज को आपका डर वाजिब नहीं लगा, तो वे पीस बॉन्ड आवेदन को खारिज कर देंगे।

यदि न्यायाधीश पीस बॉन्ड का आदेश देते हैं, तो आपको न्यायालय की रजिस्ट्री से एक कॉपी मिल सकती है। पीस बॉन्ड की एक कॉपी होने से आपके लिए पुलिस से मदद लेना आसान हो जाएगा यदि व्यक्ति पीस बॉन्ड तोड़ता है।



पीस बॉन्ड की एक कॉपी होने से आपके लिए पुलिस से मदद लेना आसान हो जाएगा यदि व्यक्ति पीस बॉन्ड तोड़ता है।

**समन** अदालत में पेश होने का वह आदेश है जिसे डाक द्वारा या पुलिस अधिकारी द्वारा व्यक्तिगत रूप से सौंपा जा सकता है। समन दस्तावेज़ व्यक्ति को एक विशिष्ट तिथि और समय पर अदालत में पेश होने का आदेश देता है।

**गिरफ्तारी वारंट** तब जारी किया जाता है जब अदालत को पता चलता है कि वह व्यक्ति खुद के लिए या दूसरों के लिए खतरा पैदा करता है या सुनवाई में आने की संभावना नहीं है। गिरफ्तारी वारंट पुलिस को उस व्यक्ति को गिरफ्तार करने और जमानत की सुनवाई के लिए अदालत में लाने की अनुमति देता है। इस सुनवाई में, अदालत तय करेगी कि पीस बॉन्ड की सुनवाई तक व्यक्ति को जेल में रहना चाहिए या शर्तों के साथ व्यक्ति को रिहा करना है। यह संभावना नहीं है कि व्यक्ति पीस बॉन्ड सुनवाई के लिए जेल में ही बंद रहेगा यदि वह आपराधिक आरोपों का भी सामना नहीं कर रहे हैं।

# पुलिस की सहायता के बिना पीस बॉन्ड प्राप्त करना

यदि पुलिस पीस बॉन्ड के आवेदन में आपकी मदद करने को तैयार नहीं है, तो आपके पास पीस बॉन्ड प्राप्त करने का प्रयास करने का एक और विकल्प है। आप कोर्टहाउस जा सकते हैं और कोर्ट रजिस्ट्री से पीस बॉन्ड के लिए सही फॉर्म भरने में मदद मांग सकते हैं। यद्यपि कानूनन यह संभव है, लेकिन आपको यह पता होना चाहिए कि बीसी में पुलिस की सहायता के बिना पीस बॉन्ड प्राप्त करना कठिन हो सकता है। हालांकि सटीक प्रक्रिया इस बात पर निर्भर करते हुए अलग-अलग हो सकती है कि आप बीसी में कहां रहते हैं, सामान्य तौर पर, अदालत के रजिस्ट्री कर्मचारी क्राउन काउंसिल से संपर्क करेंगे जो आगे की जांच के लिए मामले को वापस पुलिस को सौंप देंगे। इसका मतलब यह है कि भले ही आप स्वयं पीस बॉन्ड का आवेदन करने का प्रयास कर रहे हों, पुलिस के इसमें शामिल होने की संभावना है और क्राउन काउंसल आपके मामले के बारे में महत्वपूर्ण निर्णय लेंगे। हालांकि, अगर पुलिस आपके अनुरोध को गंभीरता से नहीं लेती, तो सीधे कोर्ट रजिस्ट्री से संपर्क करने से क्राउन आपके मामले की समीक्षा करेगा और इस संबंध में पुलिस को अनुरोध करेगा।

यदि आप कोर्ट रजिस्ट्री से संपर्क करने का निर्णय लेते हैं, तो आप यह देखने के लिए पहले ही कॉल कर लें कि क्या उनके पास कोई अतिरिक्त जानकारी है जिसके बारे में आपको कोर्टहाउस जाने से पहले पता होना चाहिए।

अपने साथ फोटो पहचान पत्र अदालत में लाएँ क्योंकि कागजी कार्रवाई पूरी करने के समय आपको इसकी जरूरत पड़ सकती है। हो सके तो कोई ऐसा सबूत भी लाएँ जिससे पता चले कि आप दूसरे व्यक्ति से क्यों डरते हैं। इन सबूतों में टेक्स्ट मैसेज, ईमेल, वॉयसमेल, फोटोग्राफ आदि शामिल हो सकते हैं। यदि आपका आवेदन आगे बढ़ता है, तो आपको अंततः उस व्यक्ति को यह जानकारी देनी होगी जिसके खिलाफ आप पीस बॉन्ड की मांग कर रहे हैं।

> पुलिस की मदद के बिना पीस बॉन्ड मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर पुलिस आपके अनुरोध को गंभीरता से लेने में विफल रहती है, तो यह एक विकल्प हो सकता है।

यदि आपको पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करने में सहायता की आवश्यकता है, तो आप अपनी सहायता के लिए एक वकील रख सकते हैं या निम्नलिखित मुफ्त संसाधनों में से किसी एक से सहायता मांग सकते हैं:

- कोर्टहाउस में ड्यूटी काउंसलर (कोर्टहाउस में जाएं और ड्यूटी काउंसल से बात करने के लिए कहें)
- राइज वीमेन्स लीगल सेन्टर - womenslegalcentre.ca पर ऑनलाइन
- लॉ स्टूडेंटस लीगल एडवाइस प्रोग्राम - lslap.bc.ca पर ऑनलाइन

यदि आप स्वयं पीस बॉन्ड प्राप्त करने का प्रयास करते हैं, तो मामला ऊपर बताए गए चरणों के समान तरीके से आगे बढ़ेगा। यदि आपका मामला आगे बढ़ता है, तो क्राउन काउंसल हस्तक्षेप कर सकता है और इस बारे में निर्णय ले सकता है कि आपका मामला कैसे आगे बढ़ना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आप जिस व्यक्ति से डरते हैं वह स्वेच्छा से कुछ समय के लिए आपसे संपर्क नहीं करने के लिए सहमत हो जाता है, तो वे पीस बॉन्ड के लिए आवेदन में देरी करने या इसे खारिज करने का निर्णय ले सकते हैं। यदि पुलिस जांच में यह सबूत मिलता है कि कोई अपराध किया गया है तो क्राउन पीस बॉन्ड आवेदन पर सुनवाई करने की बजाए आपराधिक आरोप लगाने की सिफारिश कर सकता है।

## पीस बॉन्ड के बारे में कुछ सामान्य मिथक क्या हैं?

**मिथक 1. पीस बॉन्ड किसी व्यक्ति के खिलाफ तभी लागू किया जा सकता है जब वह आपको पहले ही नुकसान पहुंचा चुका हो।**

ऐसा नहीं है कि यदि कोई अपराध नहीं हुआ हो तो आप किसी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ पीस बॉन्ड लागू करने के लिए आवेदन नहीं कर सकते जिसके बारे में आपको डर है कि वह आपको नुकसान पहुंचा सकता है। पीस बॉन्ड का उद्देश्य किसी व्यक्ति द्वारा भविष्य में आपको नुकसान पहुंचाने से *रोकना* है। आपको यह साबित करने की ज़रूरत नहीं है कि नुकसान पहले ही हो चुका है, हालाँकि अगर नुकसान पहले ही हो चुका है, तो इसका उपयोग यह समझाने में मदद के लिए किया जा सकता है कि आपको इस बात का डर क्यों है कि यह फिर से हो सकता है।

**मिथक 2. पीस बॉन्ड तभी लागू किया जाता है जब कोई व्यक्ति आपको शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाए; उनका उपयोग भावनात्मक नुकसान के लिए नहीं किया जा सकता है।**

पीस बॉन्ड लागू करने के लिए यह जरूरी नहीं कि शारीरिक नुकसान हुआ हो; पीस बॉन्ड आपको शारीरिक और मानसिक दोनों तरह के नुकसान से बचा सकता है। *क्रिमिनल कोड* में, पीस बॉन्ड केवल "शारीरिक चोट" के बजाय आपको "व्यक्तिगत चोट" से बचाने के लिए उपलब्ध हैं। शारीरिक चोट की तुलना में व्यक्तिगत चोट कहीं व्यापक श्रेणी है। न्यायालयों ने उत्पीड़न और डराने-धमकाने के परिणामस्वरूप होने वाली "मनोवैज्ञानिक चोटों" को व्यक्तिगत चोट की श्रेणी में शामिल किया है। पीस बॉन्ड लागू करने के लिए आवेदन करने के लिए आपको किसी शारीरिक हिंसा के अनुभव से गुजर चुकने, गुजरने, या गुजरने की संभावना की जरूरत नहीं है।

**मिथक 3. पीस बॉन्ड केवल आपके जीवन साथी से सुरक्षा के लिए हैं।**

पीस बॉन्ड लागू करने का आदेश *किसी* भी व्यक्ति के खिलाफ दिया जा सकता है। बीसी में पारिवारिक कानून संरक्षण आदेशों के विपरीत, जो केवल लोगों को उनके जीवन साथी या परिवार के अन्य सदस्यों के उत्पीड़न से बचाता है, आप अपने पूर्व साथी, पड़ोसी या ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ मांग कर सकते हैं जो आपके डर का कारण बन सकता है।

**मिथक 4. अपने जीवन साथी के खिलाफ पीस बॉन्ड लागू करने का आवेदन करने से पहले आपको फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर प्राप्त करना होगा।**

यदि आप परिवार के किसी सदस्य (जीवन साथी सहित) से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, तो आप निम्न कर सकते हैं:

- क्रिमिनल कोर्ट में पीस बॉन्ड लागू करने की मांग करें;
- फैमिली कोर्ट में फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर की मांग करें; और/या
- दोनों प्रकार के ऑर्डर जारी करने की मांग करें।



हो सकता है कि आपको इस बात का डर हो कि कोई व्यक्ति आपको नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन यह जरूरी नहीं कि पीस बॉन्ड लागू करने के लिए आवेदन दिए जाने से पहले कोई अपराध अवश्य हुआ होना चाहिए।

इसका कोई "सही" विकल्प नहीं है। जबकि पीस बॉन्ड और प्रोटेक्शन आर्डर दोनों के लाभ और हानि हैं, आप दोनों में से एक या दोनों तरह के ऑर्डर दिए जाने की मांग कर सकते हैं। पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करने से पहले आपको फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर लेने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, पीस बॉण्ड के आवेदन की तुलना में फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर के लिए आवेदन पर आपका अधिक नियंत्रण होगा, क्योंकि फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर के लिए जज से बात करने से पहले आपको पुलिस और क्राउन काउंसल के साथ काम करने की आवश्यकता नहीं होती है।

# पीस बॉन्ड और फैमिली लॉ प्रोटेक्शन की तुलना

| सेक्शन 810 पीस बॉन्ड | प्रोटेक्शन आर्डर |
|---|---|
| क्रिमिनल कोर्ट में किया गया | फैमिली कोर्ट में तैयार |
| न्यायाधीश इस बात से संतुष्ट होना चाहेंगे कि पीस बॉन्ड के लिए आपके आवेदन के बारे में दूसरे पक्ष को सूचित करने से *पहले* पीस बॉन्ड के लिए उचित आधार हैं।<br><br>पीस बॉन्ड आवेदन व्यक्तिगत रूप से उस समय किया जाना चाहिए, जब अन्य व्यक्ति उपस्थित हो।<br><br>पीस बॉन्ड का आवेदन करने के समय से लेकर पीस बॉन्ड आवेदन की सुनवाई तक के समय के बीच, आपकी सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के आदेश नहीं होंगे। | *कुछ* मामलों में, सुनवाई न्यायाधीश आपके आवेदन को *एक तरफा* (अर्थात् दूसरे व्यक्ति के अदालत में मौजूद हुए बिना) सुनवाई कर सकते हैं। यदि व्यक्ति बाद में प्रोटेक्शन ऑर्डर को चुनौती देता है, तो दोनों पक्षों को अदालत में वापस जाना पड़ सकता है।<br><br>दूसरे पक्ष को यह पता चलने से पहले कि आप अदालत में पेश हुए हैं, आपको प्रोटेक्शन ऑर्डर प्राप्त हो सकता है। |
| किसी के खिलाफ किया जा सकता है। | आवेदक के जीवन साथी या पूर्व जीवन साथी, कोई व्यक्ति जिसके साथ आवेदक रह रहा है या विवाह जैसे रिश्ते में रह चुका है, आवेदक के बच्चे के माता-पिता या अभिभावक, आवेदक के बच्चे और उन अन्य लोगों के खिलाफ तैयार किया जा सकता है जो आवेदक के साथ रहते हैं और आवेदक से संबंधित हैं। |
| जांच इस उचित आधार पर की जाती है कि इस बात का डर है कि व्यक्ति आवेदक, उसके अंतरंग साथी, उसके बच्चे, या उसकी संपत्ति (पालतू जानवरों सहित) को व्यक्तिगत नुकसान (मनोवैज्ञानिक नुकसान सहित) का कारण बन सकता है। | जांच इस बात की होती है कि क्या पारिवारिक हिंसा (बीसी के *फैमिली लॉ एक्ट* द्वारा परिभाषित) होने की संभावना है। |
| प्रमाण का मानक संभावनाओं का संतुलन है। | सबूत का मानक संभावनाओं का आधार है। |
| अधिकतम एक वर्ष की अवधि। | "डिफ़ॉल्ट" एक वर्ष की अवधि है लेकिन यह इससे अधिक या कम हो सकती है। |
| कैनेडा में कहीं भी लागू किया जा सकता है। | इसे केवल बीसी में लागू किया जा सकता है। |
| उल्लंघनों की स्थिति में पुलिस कार्रवाई करती है और *क्रिमिनल कोर्ट* के सेक्शन 811 के तहत मुकदमा चलाया जाता है। | उल्लंघन की स्थिति में पुलिस कार्रवाई करती है और *क्रिमिनल कोड* के सेक्शन 127 के तहत मुकदमा चलाया जाता है। |

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न



## क्या मैं पीस बॉन्ड का आदेश दिए जाने के बाद उस व्यक्ति को मिल या उससे संपर्क कर सकता हूं?

पीस बॉन्ड का आदेश दिए जाने के बाद, जिस  व्यक्ति पर यह लागू किया गया है, उसे आदेश में दर्ज हर शर्त का पालन करना होगा। आम तौर पर, इन शर्तों में यह कहते हुए एक शर्त शामिल होगी कि वह व्यक्ति आपसे संपर्क नहीं कर सकता। यदि ऐसा मामला है, और यदि वह व्यक्ति आपसे संपर्क करता है, तो उस पर न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने का आपराधिक आरोप लगाया जा सकता है।

आम तौर पर, अगर पर किसी के खिलाफ पीस बॉन्ड के लिए आवेदन किया है, तो आप पर किसी आदेश की शर्त लागू नहीं होगी, और आप किसी भी शर्त को तोड़ने का आरोप नहीं लगाया जा सकता है। यदि आप पीस बॉन्ड के आदेश के बाद दूसरे व्यक्ति को मुलाकात के लिए आने को कहते हैं, तो उस पर आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया जा सकता है और आप पर यह आरोप नहीं लगाया जा सकता है।

हालाँकि, यदि आप अपनी मर्जी से दूसरे व्यक्ति के साथ मेलजोल कर रहे हैं, तो यह अदालत और पुलिस के लिए एक संकेत हो सकता है कि आप वास्तव में डर नहीं रहे। इससे भविष्य में अगला पीस बॉन्ड हासिल करना अधिक कठिन हो सकता है या भविष्य में इस मामले को गंभीरता से लिया जा सकता है। यदि आपने पीस बॉन्ड का अनुरोध किया है, तो आपको इस बात के लिए तैयार रहना चाहिए कि आप दूसरे व्यक्ति को शर्तों का उल्लंघन करने के लिए आमंत्रित न करें।

> यदि वह व्यक्ति आपसे संपर्क करता है तो उस पर आपराधिक आदेश का उल्लंघन करने का आरोप लगाया जा सकता है।



यदि आपने " म्यूचुअल" पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर किए हैं, तो बात अलग है। कभी-कभी, जिस व्यक्ति से आप सुरक्षा मांग रहे हैं, वह अदालत से यह कह सकता है कि उसे भी आपसे सुरक्षा की आवश्यकता है। या जब तक आप भी पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर नहीं करते, तब तक वह भी पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने से इंकार कर सकता है। इन स्थितियों में, अदालत एक म्यूचुअल पीस बॉन्ड जारी कर सकती है, जिसका अर्थ है कि आपको भी पीस बॉन्ड की शर्तों का पालन करना होगा। कानूनी सलाह लिए बिना म्यूचुअल पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर न करें। यदि आपने म्यूचुअल पीस बॉन्ड पर हस्ताक्षर किए हैं, और अगर आपने किसी भी शर्त का उल्लंघन किया तो आप पर जुर्माना लगाया जा सकता है, और जिस व्यक्ति से आप सुरक्षा की मांग कर रहे हैं, वह आपको म्यूचुअल पीस बॉन्ड की शर्तों का उल्लंघन करने का दोषी ठहराने की कोशिश कर सकता है।

## अगर मैं प्रांत या देश छोड़ दूं तो क्या होगा?

पीस बॉन्ड कैनेडा भर में लागू किया जा सकता है, लेकिन कैनेडा के बाहर नहीं। हालांकि, यदि बाहर रहते हुए व्यक्ति आपसे संपर्क कर पीस बॉन्ड की शर्त का उल्लंघन करता है तो आपको पुलिस से संपर्क करना चाहिए। पुलिस आपको सुझाव दे सकती है कि अगर वह व्यक्ति कैनेडा लौटता है या जिस समय वह वापस आएगा, तो आपको क्या करना चाहिए। पीस बॉन्ड की एक कॉपी हमेशा अपने पास रखना सुनिश्चित करें ताकि यदि व्यक्ति पीस बॉन्ड का उल्लंघन करता है तो आप इसे पुलिस को दिखा सकें।

## जिस व्यक्ति के खिलाफ मैंने पीस बॉन्ड की मांग की है, यदि वह पीस बॉन्ड मेलजोल नहीं करने की शर्त होने के बावजूद मेरे घर चला आता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

911 पर कॉल करें। पुलिस को पीस बॉन्ड की अपनी कॉपी दिखाएं।

## क्या मैं पीस बॉन्ड में बदलाव कर सकता हूँ? क्या मैं इसे रद्द कर सकता हूँ?

हां, लेकिन आप अपने आप ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि पीस बॉन्ड कोर्ट का आदेश होता है। आप या दूसरा व्यक्ति अदालत में आवेदन कर न्यायाधीश से पीस बॉन्ड की शर्तों में बदलाव के लिए कह सकते हैं। अगर आप पीस बॉण्ड की शर्तों को बदलना चाहते हैं तो पुलिस या कोर्ट रजिस्ट्री से संपर्क करें।

> जिस व्यक्ति के खिलाफ आपने पीस बॉन्ड लागू करवा रखा है, वह मेलजोल नहीं रखने की शर्त के बावजूद आपके घर पर आ जाता है, तो 911 पर कॉल करें। पुलिस को अपने पीस बॉन्ड की कॉपी दिखाएं।



## क्या मैं अपने पीस बॉन्ड का नवीकरण करा सकता हूँ?

आप पीस बॉन्ड का नवीकरण नहीं करा सकते, इसलिए यदि आप एक साल से ज्यादा अवधि के लिए सुरक्षा चाहते हैं तो आपको नए पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करना होगा। हालाँकि, पीस बॉन्ड की अंतिम तारिख के पहले आप पुराने की जगह नए पीस बॉन्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

## क्या मुझे अदालत जाना होगा?

पीस बॉन्ड हासिल करने के लिए आपको अदालत जाना पड़ सकता है। संभव है कि जिस व्यक्ति से आप डरते हैं, वह पीस बॉन्ड के लिए सहमत हो जाए, जिसका अर्थ यह होगा कि न्यायाधीश को आपकी गवाही सुनने की जरूरत नहीं है। हालांकि, अगर वह व्यक्ति पीस बॉन्ड के लिए सहमत नहीं होता, तो आपको अदालत जाने और गवाही देने की जरूरत होगी। वह व्यक्ति भी गवाही दे सकता है लेकिन ऐसा करना उनके लिए जरूरी नहीं है।

यदि आप पुलिस की मदद के बिना पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करते हैं, या यदि पुलिस आपके पीस बॉन्ड आवेदन को अस्वीकार करती है, तो आपको पीस बॉन्ड आवेदन शुरू करने के लिए अदालत की रजिस्ट्री में जाना होगा। इसलिए, चाहे आपको पुलिस से मदद मिले या न मिले, जब आप पीस बॉन्ड के लिए आवेदन करेंगे तो किसी न किसी समय आपको अदालत में जाना ही होगा।

## इसमें कितना समय लगेगा?

आदेश दिए जाने के साथ ही पीस बॉन्ड लागू हो जाएगा, यह आपके अनुरोध करने के समय से लागू नहीं होगा। पीस बॉन्ड का आवेदन करने की प्रक्रिया के दौरान आपको सुरक्षा नहीं दी जाएगी। आवेदन प्रक्रिया को पुलिस और क्राउन काउंसल द्वारा निर्देशित किया जाता है और यह जांच पूरी करने के लिए उनकी समय-सीमा पर निर्भर करता है। पुलिस जांच और क्राउन काउंसल को रिपोर्ट करने में बहुत लंबा समय लग सकता है, इसलिए आपात परिस्थितियों के लिए पीस बॉन्ड की मांग करना कोई उपयुक्त हल नहीं है। यदि आप खतरे में हैं, तो आपको अपनी सुरक्षा योजना बनानी चाहिए। हमारा मानना है कि आप लंबे समय से खुद को सुरक्षित रखने के लिए जो कुछ भी हो सकता है, वह आप कर रहे हैं। विक्टिमलिंक बीसी से 1-800-563-0808 पर यह जानने के लिए संपर्क करें कि वे आपकी किस तरह मदद कर सकते हैं।

> पुलिस जांच और क्राउन काउंसल को रिपोर्ट करने में बहुत लंबा समय लग सकता है, इसलिए आपात परिस्थितियों के लिए पीस बॉन्ड की मांग करना कोई उपयुक्त हल नहीं होगा। यदि आप खतरे में हैं, तो आपको अपने लिए सुरक्षा योजना बनानी होगी।



## मेरी मदद कौन कर सकता है?

पीस बॉन्ड लागू करने में मदद के लिए आप अपनी स्थानीय पुलिस या आरसीएमपी से संपर्क कर सकते हैं। आप समुदाय-आधारित पीड़ित सेवा कार्यकर्ता को पुलिस से संपर्क करने में आपकी मदद करने के लिए कह सकते हैं।

## क्या मेरी पहचान गोपनीय रखी जाएगी? / क्या मेरे द्वारा दी गई जानकारी को गोपनीय रखा जाएगा?

नहीं। यदि पुलिस और क्राउन काउंसल आपकी ओर से पीस बॉन्ड आवेदन पर आगे बढ़ने का फैसला करते हैं, तो दूसरे व्यक्ति को आपके द्वारा दी गई जानकारी प्राप्त होगी क्योंकि उन्हें अपने खिलाफ मामले को जानने का अधिकार है। यहां तक कि अगर पुलिस और क्राउन काउंसल आगे नहीं बढ़ने का फैसला करते हैं, तो इस बात की संभावना है कि दूसरे व्यक्ति को यह पता चल जाएगा कि उसकी जांच की जा रही है। आपको इस बात के लिए तैयार रहना होगा कि दूसरे व्यक्ति को यह जानकारी मिल जाएगी कि आपने पीस बॉन्ड के लिए आवेदन किया है। यह सुनिश्चित करें कि आपकी सुरक्षा योजना चाक-चौबंद है।

इसके अलावा, कैनेडियन अदालतें आम तौर पर जनता के लिए खुली होती हैं। इसका अर्थ है कि सार्वजनिक रूप से सुलभ रिकॉर्ड या निर्णय हो सकते हैं, और यहां तक कि यदि प्रकाशन पर प्रतिबंध का आदेश नहीं दिया गया है, तो इस मामले की प्रेस में कवरेज भी हो सकती है।

## क्या मुझे पुलिस से संपर्क करना होगा?

पीस बॉन्ड लागू करने के प्रयास के दौरान किसी न किसी समय पर आपको निश्चित तौर पर पुलिस से बात करने की आवश्यकता होगी, भले ही आप सीधे अदालत जाने का प्रयास करें क्योंकि जैसे ही क्राउन काउंसल को आपके मामले की सूचना दी जाती है, तो हो सकता है कि वे जांच के लिए इसे पुलिस के पास वापस भेज दें।

अगर कोई पीस बॉन्ड का उल्लंघन करता है, तो आदेश लागू करने के लिए आपको पुलिस को बुलाना होगा। यदि कोई व्यक्ति फैमिली लॉ प्रोटेक्शन ऑर्डर का उल्लंघन करता है तो भी आपको यही करना होगा।

## क्या पीस बॉन्ड हासिल करने के लिए अन्य तरीके हैं?

हाँ। प्ली बार्गेनिंग के दौरान यदि आरोपी पीस बॉन्ड के लिए सहमत हो जाता है तो उसके बदले में आपराधिक आरोप हटा लेना आम बात है। आरोपी को उसके मामले को हल करने के लिए सेक्शन 810 पीस बॉन्ड या कॉमन लॉ पीस बॉन्ड के लिए सहमत होने को कहा जा सकता है।

कॉमन लॉ के तहत पीस बॉन्ड का आदेश भी दिया जा सकता है। सेक्शन 810 के तहत जारी किए जाने वाले पीस बॉन्ड की तुलना में कॉमन लॉ पीस बॉन्ड की कानूनी जांच एक अलग तरीके से होती है और कानून के विभिन्न स्रोतों से प्राप्त होती है। कॉमन लॉ पीस बॉन्ड अनिवार्य एक वर्ष की समय सीमा के अधीन नहीं हैं। क्योंकि कॉमन लॉ पीस बॉन्ड आमतौर पर बीसी में आम लोगों के लिए सुलभ नहीं होते हैं, हमने यहां कॉमन लॉ पीस बॉन्ड के बारे में अधिक जानकारी प्रदान नहीं की है।






राइज़ वीमेन्स लीगल सेंटर द्वारा तैयार की गई सार्वजनिक सूचना मार्गदर्शिकाएँ अक्सर कई भाषाओं में प्रकाशित होती हैं।

इस दस्तावेज़ के उपलब्ध अनुवादों को देखने के लिए, womenslegalcentre.ca/seeking-a-peace-bond पर जाएँ












Rise
WOMEN'S LEGAL CENTRE

राइज वीमेन्स लीगल सेंटर एक सामुदायिक कानूनी केंद्र है जो ऐसी कानूनी सेवाओं को सुलभ करने का प्रयास कर रहा है जो स्वयं की पहचान करने वाली महिलाओं की विशिष्ट जरूरतों के प्रति उत्तरदायी हैं, विशेष रूप से जो हिंसा, दुर्व्यवहार और असमान शक्ति गतिशीलता से गुजरी हैं।

राइज़ के बारे में अधिक जानकारी के लिए, **womenslegalcentre.ca** पर जाएँ

राइज वीमेन्स लीगल सेंटर सम्मानपूर्वक स्वीकार करता है कि हमारा कार्य **Skwxwu7mesh** (Squamish), **Tsleil-Waututh** (Burrard), और **xʷməθkʷəy̓əm** (Musqueam) राष्ट्रों के पारंपरिक, पैतृक और अछूते होमलैंड्स पर किया गया है।

जनवरी 2023